# पटना विश्वविद्यालय

## अधिसूचना

पटना विश्वविद्यालय के स्नातकोतर ( रेगुलर) प्रोग्राम्स, 2025, में नामांकन हेतु द्वितीय मेधा सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। जिन आवेदकों (छात्र/छात्रा) का नाम द्वितीय मेधा–सूची में है वे विश्वविद्यालय के वेवसाइट-**www.pup.ac.in** पर अपने लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड की मदद से **allotment letter** देखें और उसमें अंकित नामांकन शुल्क ऑनलाइन भुगतान करें।

नामांकन शुल्क भुगतान के बाद अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करें।

उपरोक्त तीनों कागजात (अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन पत्र) के साथ अपना चार पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण–पत्र (सभी मूल प्रमाण–पत्र की एक छाया प्रति भी ले जाएँ) सहित सम्बन्धित स्नातकोतर विभाग/संस्थान समय पर पहुँच कर नामांकन कराएँ। काउंसेलिंग/नामांकन दिनांक 02, 03 एवं 04 सितम्बर, 2025 को सम्बन्धित विभाग/संस्थान में होगा। काउंसेलिंग का समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक है।

सभी चयनित आवेदकों को निर्धारित तिथि और समयावधि में ही अपना नामांकन करवाना होगा अन्यथा उनका दावा स्वतः समाप्त समझा जाएगा।

सभी विभागाध्यक्ष/निदेशक प्रतिदिन किए गए **validation** का प्रतिवेदन प्रो0 रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, को संकायाध्यक्ष कार्यालय में देंगे। सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/निदेशक अभ्यर्थी का नामांकन **validate** करने के बाद उसी समय **"provisionally admitted"** का रशीद उनको अवश्य दे दें।

स्नातकोतर ( रेगुलर) प्रोग्राम्स, 2025, के नवनामांकित छात्र/छात्राओं का **इन्डक्शन मीट दिनांक 09.09.2025 (मंगलवार)** को सम्बन्धित विभाग/संस्थान में सुबह 10 बजे से होगा जिसमें सभी छात्रों का भाग लिया जाना आवश्यक है।

कुलपति के आदेश से
Shalini
30-8-2025
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञाप संख्या– Adm/1253
दिनांक: 30-08-25

प्रतिलिपि–1. सभी संकायों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 2. सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 3. सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 4. सभी संस्थानों के निदेशक, पटना विश्वविद्यालय, 5. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 6. प्रोफेसर इन चार्ज, आई क्यू ए सी सेल, पटना विश्वविद्यालय (को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु) 7. प्रोफेसर इन चार्ज, आई टी सेल, पटना विश्वविद्यालय, 8. नामांकन कार्य कर रही ऑटोमेशन एजेंसी, 9. सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 10. निजि सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 11. निजि सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, 12. निजि सहायक, उपकुलसचिव पटना विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Shalini
30-8-2025
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

30/08/25